तापमान
अधिकतम 45.2 डिग्री
न्यूनतम 26.4 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि

रोहतक, रविवार, 15 जून 2025


14 स्टेशन पर सीवर व्यवस्था होगी सुचारू, काम शुरू



14 थानों और चौकियों का किया निरीक्षण पुलिस कर्मियों को दिए निर्देश








## खबर संक्षेप

### धार्मिक भावना आहत करने पर शिकायत

**सोनीपत।** गांव तिहाड़ कला निवासी मनजीत ने शनिवार को सदर थाना सोनीपत में एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धार्मिक भावना भड़काने और हिंदू धर्म के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने को लेकर लिखित शिकायत दर्ज कराई है। शिकायतकर्ता का कहना है कि वह हिंदू धर्म को मानते हैं और उनका पूरा परिवार व आस-पास के गांववासी भी इसी धर्म को मानते हैं। प्रार्थना पत्र में मनजीत ने बताया कि गांव शहजादपुर के पास स्थित एक मंदिर की दीवार पर किसी अज्ञात व्यक्ति ने हिंदू धर्म के विरुद्ध अमर्यादित टिप्पणी लिख दी है, जो सभी हिंदू धर्म मानने वालों की धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाती है।

### नशे में घर में घुस कर पति-पत्नी को पीटा, केस दर्ज

**गन्नौर।** खेड़ी गुज्जर गांव में शराब के नशे में कुछ व्यक्तियों ने एक घर में घुस कर पति-पत्नी के मारपीट कर दी। घायल पति ने मामले की शिकायत थाना गन्नौर में दी। शिकायत में खेड़ी गुज्जर गांव के प्रकाश ने बताया कि वह और उसकी पत्नी बीरमति 9 जून की शाम घर पर अकेले थे।

### कहासुनी के बाद महिपुर के युवक ने घर छोड़ा

**खरखौदा।** महिपुर में परिवार वालों के साथ काम करने को लेकर हुई कहासुनी के बाद युवक घर छोड़कर चला गया। कई दिनों बाद भी जब वह वापस नहीं आया तो अब उसके पिता ने पुलिस को शिकायत दी है। महिपुर के रामकरण का कहना है कि 9 जून को बेटे दीपांशु के साथ काम करने को लेकर कहासुनी हो गई थी, इसके बाद वह घर चला गया, अपने स्तर पर उन्होंने दीपांशु का अपने परिचितों के पास पता किया, लेकिन जब कहीं पता नहीं चला तो अब मामले की शिकायत सैदपुर चौकी पुलिस को देते हुए केस दर्ज करवाया गया।

### कबीर दास का 627वां प्रकट दिवस आज

**सोनीपत।** संत कबीर समाज उत्थान सेवा समिति कबीरपुर के तत्वावधान में रविवार को संत कबीर दास का 627वां प्रकट दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। महासचिव सूरज कुमार ने बताया कि मुख्य अतिथि विधायक निखिल मदान रहेंगे, वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता मेयर राजीव जैन करेंगे। विशिष्ट अतिथि के तौर पर रविंद्र दिलावर पहुंचेंगे।

# गर्मी का कहर : नागरिक अस्पताल में मरीजों की भीड़
# डायरिया सहित बुखार से ग्रसित मरीजों की संख्या बढ़ी





सोनीपत। रजिस्ट्रेशन व ओपीडी के बाहर लगी मरीजों की भीड़।

### रजिस्ट्रेशन काउंटर से लेकर ओपीडी में फिजिशियन ओपीडी के बाहर मरीजों की लंबी लाइन लगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

उत्तर भारत गर्मी की तपिश में तप रहा है। निजी व सरकारी अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। जिला नागरिक अस्पताल में मरीजों की भीड़ देखने को मिला रही है। रजिस्ट्रेशन काउंटर से लेकर ओपीडी में फिजिशियन ओपीडी के बाहर मरीजों की लंबी लाइन लग रही है। अस्पताल में गर्मी के चलते उल्टी, दस्त व बुखार से ग्रसित मरीज पहुंच रहे है। चिकित्सक बच्चों व बुजुर्गों को घर से दोपहर में न निकलने की सलाह दे रहे है।

बता दें कि गर्मी के मौसम व लू ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। गर्मी का असर आमजन पर देखने को मिल रहा है। नागरिक अस्पताल में मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। भीषण गर्मी और लू के चलते डिहाइड्रेशन, उल्टी, दस्त , पेट दर्द, खांसी, आंखों में जलन और एलर्जी जैसी समस्याओं से जूझते मरीज बड़ी संख्या में अस्पताल पहुंच रहे है। जिसके चलते नागरिक अस्पताल में मरीजों की संख्या 2200 से ज्यादा होने लगी है।

अधिकतर मरीज लू लगने और गर्मी से पीड़ित पहुंच रहे हैं। हालात यह हैं कि कई मरीजों को अस्पताल में बैठने की जगह नहीं मिल रही।

#### क्या कहते है चिकित्सक

- घर से सिर को कपड़े से ढक कर निकले
- 12:00 बजे से 4:00 तक घर से निकालने से बचे
- एक दिन में 3 से 4 लीटर पानी पिए
- घर से बिना कुछ खाए खाली पेट ना निकले
- उल्टी, दस्त होने पर चिकित्सक से जल्दी परामर्श लें
- अधिक से अधिक समय ठंडे वातावरण में समय बताएं

#### पानी की कमी से गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं

*अत्यधिक गर्मी और लू के कारण मरीजों की संख्या में इजाफा हो रहा है। दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक बिना आवश्यकता घर से बाहर न निकलें और हीट वेव से बचाव के उपाय जरूर अपनाएं। ठंडे पेय पदार्थों जैसे नीबू पानी, छाछ, नारियल पानी आदि का सेवन करते रहे। शरीर में पानी की कमी से गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं, विशेषकर बच्चों और बुजुर्गों को अधिक सतर्क रहने की आवश्यकता है।*

***-डा. शैलेंद्र राणा, नागरिक अस्पताल चिकित्सक।***

## बिजली संकट ने बढ़ाई गर्मी की मार, रातों की नींद भी हो रही खराब

- शनिवार को तापमान में आई गिरावट फिर भी गर्मी ने सताया लोगों को
- लगातार हो रहे फॉल्ट, शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था चरमराई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

शहर में झुलसाती गर्मी और बिजली की अघोषित कटौती ने लोगों की परेशानियों को कई गुना बढ़ा दिया है। शनिवार को तापमान में भले ही पांच डिग्री की गिरावट दर्ज की गई, लेकिन बिजली आपूर्ति में सुधार नहीं हो सका। लगातार हो रहे फॉल्ट और ओवरलोडिंग के चलते शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था बुरी तरह चरमराई हुई है। बीते दो दिनों में बिजली की रिकॉर्ड खपत दर्ज की गई। 12 जून को बिजली खपत 1.67 करोड़ यूनिट रही, जो अब तक की सर्वाधिक है। 13 जून को भी यह आंकड़ा 1.66 करोड़ यूनिट तक पहुंचा। इसके बावजूद लोगों को राहत नहीं मिल रही। शुक्रवार रात और शनिवार को 76 से अधिक अघोषित कट लगाए गए, जिससे कई कॉलोनियों में घंटों तक अंधेरा छाया रहा।

#### बिजली निगम ने बताई ओवरलोडिंग वजह

*अघोषित कटों की जानकारी मिलते ही समाधान कराया जा रहा है। एसी और कूलर का अत्यधिक उपयोग हो रहा है, लेकिन उपभोक्ताओं ने अपने लोड नहीं बढ़वाए हैं। इससे ओवरलोडिंग की स्थिति बन रही है और सिस्टम बार-बार फेल हो रहा है।* ***-जीआर तंवर, अधीक्षण अभियंता, बिजली निगम सोनीपत।***

#### रात में भी चैन नहीं

शास्त्री कॉलोनी, इंडियन कॉलोनी और मयूर विहार में शुक्रवार रात 12:30 बजे बिजली गुल हो गई, जो तड़के साढ़े तीन बजे बहाल हुई। इस दौरान लोग गर्मी और उमस के कारण सो नहीं सके। वहीं जटवाड़ा, धोबीवाड़ा, खारी कुआं और लाल दरवाजा जैसे क्षेत्रों में बिजली आंख मिचौली खेलती रही। कबीरपुर, मॉडल टाउन, मंडी और पुराने औद्योगिक क्षेत्र में भी शनिवार दोपहर को कटौती हुई।

#### दिनभर काम, रात भर बेचैनी

नौकरीपेशा लोग दिनभर की ड्यूटी के बाद रात में आराम करना चाहते हैं, लेकिन बिजली कटों ने उनका सुकून भी छीन लिया है। कटौती के चलते लोग नींद पूरी नहीं कर पा रहे। गर्मी ऐसी है कि पसीना भी सूख नहीं रहा और बिजली जाने के बाद कमरे भट्ठियों में तब्दील हो जाते हैं। लोग अब सुबह और शाम के समय ही घरों से बाहर निकलना पसंद कर रहे हैं।

## प्रतिबंधित दवाइयों सहित युवक गिरफ्तार

**सोनीपत।** क्राइम यूनिट कुंडली ने प्रतिबंधित नशीली दवाइयों के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। दवाइयों के साथ ही आरोपित के पास 100 इंजेक्शन भी मिले है। आरोपित सोनू शहर के ऋषि नगर का रहने वाला है। कुंडली की क्राइम यूनिट को सूचना मिली थी कि ऋषि नगर का रहने वाला सोनू प्रतिबंधित दवाइयां बेचने का काम करता है। वह थोड़ी देर में रेलवे रोड से गीता भवन चौक की तरफ जाएगा। टीम रेलवे रोड पर बीआर पीडब्ल्यूडी कार्यालय के पास पहुंच कर निगरानी करने लगी। इसी दौरान एक युवक रेलवे स्टेशन की तरफ से आता दिखाई दिया। युवक को रोक कर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान ऋषि नगर के सोनू के रूप में दी। सोनू के हाथ में लिए प्लास्टिक बैग की तलाशी लेने पर उसमें चार डिब्बे मिले। दो गत्ते के डिब्बों पर एनआरएक्स ट्रामाडोल हाइड्रोक्लोराइड इंजेक्शन लिखा था। एक डिब्बे को खोलकर जांच करने पर उसमें 10 पत्ते मिले, जिनमें प्रत्येक में 5 इंजेक्शन थे, इस प्रकार एक डिब्बे में दो एमएल के 50 इंजेक्शन मिले। दोनों डिब्बों में कुल 100 इंजेक्शन थे, जिनकी कुल मात्रा 200 ग्राम हुई। वहीं, 600 टैबलेट भी मिली। सिविल लाइन थाना पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## बुजुर्ग को जानकार बताकर ई-रिक्शा से उतारा, बाइक पर बैठने के बाद छह हजार की नकदी और पर्स चोरी

- बुजुर्ग हरिराम ने ठगी की शिकायत बड़ी औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस को दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

ई-रिक्शा में बैठे युवक को लिफ्ट देने के बहाने जीटी रोड से गन्नौर शहर ले जाने के लिए युवक को ई रिक्शा से उतारकर मोटरसाइकिल पर बिठाया और उसकी जेब से 6 हजार रूपये निकालकर मोटरसाइकिल से नीचे उतारकर फरार हो गए। पीड़ित बुजुर्ग हरिराम ने ठगी की शिकायत बड़ी औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस को दी । समाचार लिखे जाने तक मामला दर्ज नहीं हुआ था । पुलिस को दी शिकायत में बेगा रोड निवासी ने बताया कि शनिवार की शाम को बेगा रोड पर अपनी दुकान से गन्नौर में अपनी बहन के पास जाने के लिए निकला । उसके बाद जीटी रोड फ्लाईओवर के नीचे खड़ी ई रिक्शा में गन्नौर शहर में जाने के लिए बैठ लिया। शिकायत में बताया कि जब वह ई-रिक्शा में बैठकर गन्नौर शहर में जाने के लिए चला तो इस दौरान एक मोटरसाइकिल (प्लेटीना) वाला आया और कहने लगा कि ताऊ में आपको जानता हू और में बाजार में जा रहा हू।

ई रिक्शा से उतरकर आप मेरे साथ मोटरसाइकिल पर आ जाओ , आपको बाजार में छोड़ दूंगा। उसके बाद वह ई-रिक्शा से उत्तर कर मोटरसाइकिल पर बैठ गया और थोड़ी ही दूर चला था कि उसने एक युवक को भी मोटरसाइकिल पर बैठा लिया। आरोप है कि पीछे बैठे युवक ने मोटरसाइकिल की सीट से थोड़ा आगे सरकने के लिए कहता रहा, इसी दौरान उसने मेरी जेब से पर्स निकाल लिया। उसके बाद कहने लगा कि हम मोटरसाइकिल में पेट्रोल डलवा रहे हैं आप यही खड़े हो जाओ । उसके बाद में मोटरसाइकिल से नीचे उतरा तो दोनों युवक मोटरसाइकिल लेकर फरार हो गए ।

उसके बाद ई-रिक्शा में बैठ गया और गन्नौर शहर में आने के बाद किराया देने लगा तो मेरा पर्स गायब मिला । मेरे पर्स में 6 हजार की नकदी व जरूरी कागज चोरी कर ले गए। उसके बाद पुलिस में मामला दर्ज करवाया । जांच अधिकारी एएसआई कुलदीप ने बताया कि मोटरसाइकिल सवारियों को दोबारा युवक के पर्स निकालने की उन्हें शिकायत मिली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है । समाचार लिखे जाने तक मामला दर्ज नहीं हुआ था ।

## चाकू मारकर घायल करने की घटना में मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**गोहाना।** थाना शहर गोहाना की पुलिस टीम नें चाकू मारकर घायल करने की घटना मे संलिप्त तीसरे व मुख्य आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित गांव गढ़वाली खेड़ा (भगता खेड़ा) जिला जीन्द हाल गोहाना निवासी राहुल उर्फ सचिन पुत्र रमेशचन्द्र है। पुलिस ने आरोपित को न्यायालय में पेश करके उसके आदेश पर उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। गांव रभड़ा निवासी महेश पुत्र हुक्म 9 जून की सायं करीब 6:30 बजे अपनी बाइक पर सवार होकर गोहाना मोबाइल फोन लेने आया था। महेश के पीछे बाइक पर उसका उसी के गांव का उसका साथी जगबीर पुत्र बलबीर भी बैठा था। करीब 8 बजे वे दोनों वापस अपने गांव जा रहे थे। तभी रोहतक रोड पर गुढ़ा मोड से आगे तीन लडक्के आए और उनके साथ मारपीट करने लगे। तभी उनमें से एक ने अपनी जेब से चाकू निकाल कर महेश पर वार किया। चाकू महेश के पेट में जा लगा। उसके बाद तीनों आरोपित बाइक पर सवार होकर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। थाना शहर पुलिस ने इस घटना में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था। पुलिस इस घटना में संलिप्त दो आरोपितों सक्षम पुत्र हरपाल निवासी देवीपुरा गोहाना व सचिन पुत्र अशोक निवासी गौतम नगर गोहाना को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

## ट्रिपल इंजन सरकार में हर वादा बन रहा है हकीकत : बड़ौली

- गोरखनाथ बाबा चौक निर्माण का शुभारंभ, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष, विधायक, मेयर रहे मौजूद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने शनिवार को सोनीपत में छात्रावास और गोरखनाथ चौक की विधि विधान के साथ आधारशिला रखी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार में हर वादा हकीकत बन रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा जो संकल्प लेती है उसे गारंटी के साथ पूरा करती है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने श्री गुरु गोरखनाथ प्रकटोत्सव राज्य स्तरीय समारोह में एक चौक का नाम श्री गुरु गोरखनाथ जी के नाम पर रखने की घोषणा की थी। मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुसार आज विधि विधान और हवन यज्ञ कर मैक्सिको सिटी में गुरु गोरखनाथ चौक की आधारशिला रखी है। उन्होंने कहा कि यह चौक आने वाली पीढ़ियों को आस्था, परंपरा और संस्कारों की प्रेरणा देता रहेगा। इस अवसर पर विधायक निखिल मदान, मेयर राजीव जैन और योगी समाज के अध्यक्ष एवं गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।






**विरोध** भगत फूल सिंह राजकीय महिला मेडिकल कालेज का मामला, डाक्टरों के गर्मी में छूट रहे पसीने

# रेजिडेंट डॉक्टरों को एसी चलाने से मना करने पर विविद

- शाम के समय रेजिडेंट डाक्टर एसोसिएशन की बैठक हुई, जिसमें मांगों को लेकर चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



गोहाना। विरोध जताते हुए डाक्टर। *फोटो : हरिभूमि*

भगत फूल सिंह राजकीय महिला मेडिकल कालेज के हास्टलों में रेजिडेंट डाक्टरों पर एसी चलाने पर पाबंदी लगाने पर विवाद बढ़ता जा रहा है। मेडिकल कालेज के प्रशासन के इस फैसले के विरोध में शनिवार को रेजिडेंट डाक्टरों ने अस्पताल में काले बिल्ले लगाकर ड्यूटी की। शाम के समय रेजिडेंट डाक्टर एसोसिएशन की बैठक हुई, जिसमें मांगों को लेकर चर्चा की गई। मेडिकल प्रशासन द्वारा सकारात्मक कदम न उठाने पर एसोसिएशन ने सोमवार को अस्पताल में ड्यूटी के दौरान दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक पेन डाउन हड़ताल करने का निर्णय लिया। भगत फूल सिंह राजकीय महिला मेडिकल कालेज के अस्पताल में लंबे समय से सेंट्रल एसी काम नहीं कर रहा है। यहां तक की आपातकालीन ओटी में भी ऐसी ही स्थिति है। इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी के चलते चिकित्सकों को अस्पताल में ड्यूटी के दौरान पसीने छूटते नजर आते हैं। यहां उपचार कराने आने वाले मरीज भी गर्मी से बेहाल हैं।

मेडिकल कालेज के प्रशासन ने रेजिडेंट चिकित्सकों पर हास्टल में एसी चलाने पर पाबंदी लगा दी। चिकित्सकों द्वारा लगाए गए एसी की बिजली सप्लाई भी काट दी गई। इस संबंध में आरडीए द्वारा स्वास्थ्य विभाग के निदेशक समेत विभिन्न स्तर के अधिकारियों को शिकायत भेजी, जिस पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। शनिवार शाम को आरडीए की बैठक हुई। अध्यक्ष डा. सुखदेव, डा. कपिल, डा. निशा और डा. शशि ने कहा कि रेजिडेंट चिकित्सक पूरा दिन अस्पताल में काम करते हैं और वहां भी सेंट्रल एसी खराब है। ड्यूटी के बाद जब वे आराम करने के लिए हास्टल में जाते है तो वहां भी एसी नहीं चलाने दिया जा रहा है। ऐसे में चिकित्सकों का ही स्वास्थ्य खराब होने की स्थिति बन गई है। एसोसिएशन के अनुसार आपातकालीन ओटी तक में एसी काम नहीं कर रहे हैं। आइसीयू में भी मरीज गर्मी से बेहाल हैं।

कालेज प्रशासन रेजिडेंट चिकित्सकों के साथ उचित व्यवहार नहीं कर रहा है। परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को भी असुविधा का सामना करना पड़ता है। शनिवार को रेजिडेंट चिकित्सकों ने ड्यूटी के दौरान काले बिल्ले लगाकर विरोध जताया। अब सोमवार को दो घंटे पेन डाउन हड़ताल की जाएगी।

*इक्विटी म्यूचुअल फंड्स में निवेश करने वाले निवेशकों को अक्सर यह सलाह दी जाती है कि शॉर्ट टर्म की बजाय लॉन्ग टर्म इनवेस्टमेंट पर फोकस करें, लेकिन क्या यह सलाह आंकड़ों पर भी खरी उतरती है? इसका जवाब है हां। देश के पांच सबसे बड़े लार्ज कैप फंड्स के पिछले 1 साल, 3 साल और 5 साल के प्रदर्शन के आंकड़े इसी बात की गवाही दे रहे हैं कि समय के साथ निवेश पर मिलने वाला रिटर्न बेहतर होता है। लार्ज कैप फंड्स एक अच्छा निवेश विकल्प हो सकता है उन निवेशकों के लिए जो कम जोखिम वाले और नियमित रिटर्न वाले निवेश की तलाश में हैं। लार्ज कैप फंड्स एक प्रकार का म्यूचुअल फंड है जो मुख्य रूप से बड़ी कंपनियों के शेयरों में निवेश करता है। ये कंपनियां आमतौर पर उच्च बाजार पूंजीकरण वाली होती हैं और उनके पास एक स्थापित ट्रैक रिकॉर्ड होता है।*

# मुनाफे का मंत्र : पांच सबसे बड़े लार्ज कैप फंड्स के आंकड़ों ने निवेशकों को चौंकाया

निवेश मंत्रा
बिजनेस डेस्क

## एक साल से बेहतर 3 साल और 5 साल का रिटर्न

इन पांचों फंड्स के पिछले 1 साल के रिटर्न की तुलना में 3 साल और 5 साल का रिटर्न बेहतर रहा है। इसे और अच्छी तरह समझने के लिए पहले इन फंड्स के पिछले प्रदर्शन के आंकड़ों को देख लेते हैं। हमने यहां जिन 5 लार्ज कैप फंड्स के 1 साल, 3 साल और 5 साल के रिटर्न के आंकड़े दिए हैं, वे एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) के हिसाब से अपनी कैटेगरी में टॉप पर हैं. तुलना में आसानी के लिए इन सभी फंड्स को बड़े से छोटे एयूएम हिसाब से लिस्ट किया गया है, एनुअल रिटर्न के हिसाब से नहीं। इस लिस्ट में एचडीएफसी म्यूचुअल फंड, एसबीआई म्यूचुअल फंड, आईसीआईसीआई प्रू और निप्पॉन इंडिया जैसे फंड हाउस की लार्ज कैप स्कीम शामिल हैं।

**एसआईपी के जरिये करें निवेश, 19 वर्ष में हो जाएंगे करोड़पति**
●
**एसआईपी में हर साल करीब 15% का रिटर्न मिलने की संभावना**

## पांच सबसे बड़े लार्ज कैप फंड्स का पिछला प्रदर्शन

1. आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल ब्लूचिप फंड (डायरेक्ट)
- 1 साल का रिटर्न : 9.73%
- 3 साल का औसत सालाना रिटर्न: 21.87%
- 5 साल का औसत सालाना रिटर्न: 24.71%
- एयूएम : 70,909 करोड़ रुपये

2. एसबीआई ब्लूचिप फंड (डायरेक्ट)
- 1 साल का रिटर्न: 9.28%
- 3 साल का औसत सालाना रिटर्न: 18.74%
- 5 साल का औसत सालाना रिटर्न: 22.52%
- एयूएम: 52,994 करोड़ रुपये

3. निप्पॉन इंडिया लार्ज कैप फंड (डायरेक्ट)
- 1 साल का रिटर्न: 10.02%
- 3 साल का औसत सालाना रिटर्न: 25.14%
- 5 साल का औसत सालाना रिटर्न: 27.69%
- एयूएम : 42,863 करोड़ रुपये

4. मिराए एसेट लार्ज कैप फंड (डायरेक्ट)
- 1 साल का रिटर्न: 11.11%
- 3 साल का औसत सालाना रिटर्न: 17.01%
- 5 साल का औसत सालाना रिटर्न: 21.28%
- **एयूएम : 40,204 करोड़ रुपये**

5. एचडीएफसी लार्ज कैप फंड (डायरेक्ट)
- 1 साल का रिटर्न: 6.34%
- 3 साल का औसत सालाना रिटर्न: 20.19%
- 5 साल का औसत सालाना रिटर्न: 23.88%
- एयूएम : 38,297 करोड़ रुपये




## रिटर्न के आंकड़ों का संकेत

ऊपर दिए आंकड़ों आंकड़ों से एक बात स्पष्ट होती है—इन सभी स्कीम्स का सालाना रिटर्न निवेश की अवधि के साथ-साथ बढ़ा है। इन फंड्स का 1 साल का रिटर्न 6.34 फीसदी से 11.11 फीसदी के बीच है। इक्विटी में निवेश पर लिए जाने वाले रिस्क को ध्यान में रखकर देखें तो इस रिटर्न को बहुत आकर्षक नहीं माना जाएगा। लेकिन इन्हीं फंड्स के 3 साल के एनुअल रिटर्न के आंकड़े 17 फीसदी से 25 फीसदी तक जाते हैं। वहीं, 5 साल के आंकड़ों में यह सालाना रिटर्न 21 फीसदी से 27 फीसदी तक चला गया है। कुल मिलाकर 1 साल, 3 साल और 5 साल के औसत सालाना रिटर्न के आंकड़े यही संकेत दे रहे हैं कि इक्विटी म्यूचुअल फंड्स में लंबी अवधि का निवेश बेहतर रिटर्न दे सकता है।

## शॉर्ट टर्म से क्यों बेहतर है लॉन्ग टर्म इनवेस्टमेंट स्ट्रैटजी

शॉर्ट टर्म इनवेस्टमेंट में निवेशक जल्दी रिटर्न की उम्मीद करते हैं, लेकिन इसमें मार्केट टाइमिंग का रिस्क ज्यादा होता है। वहीं, लॉन्ग टर्म इनवेस्टमेंट में कंपाउंडिंग का फायदा मिलता है, जो धीरे-धीरे निवेश को बड़ा बनाता है। मिसाल के तौर पर अगर कोई निवेशक 5 साल तक एसआईपी करता है, तो उसे एवरेजिंग की वजह से लॉन्ग टर्म में बेहतर रिटर्न की मिलने की संभावना बढ़ जाती है। इक्विटी म्यूचुअल फंड्स में बाजार की अस्थिरता सामान्य बात है. एक-दो साल में बाजार गिर भी सकता है और रिटर्न नेगेटिव या कम हो सकता है, लेकिन लंबी अवधि में कंपनियों की ग्रोथ और बाजार की रिकवरी से निवेश पर मिलने वाला रिटर्न आमतौर पर बेहतर हो जाता है। इसीलिए 5 साल या उससे ज्यादा की अवधि के लिए निवेश करने पर रिटर्न में स्थिरता और ग्रोथ दोनों मिलती है।

## लार्ज कैप फंड्स की विशेषताएं

- बड़ी कंपनियों में निवेश : लार्ज कैप फंड्स बड़ी कंपनियों के शेयरों में निवेश करते हैं जो आमतौर पर उच्च बाजार पूंजीकरण वाली होती हैं।
- स्थिरता : लार्ज कैप फंड्स आमतौर पर अधिक स्थिर होते हैं क्योंकि वे बड़ी और स्थापित कंपनियों में निवेश करते हैं।
- नियमित रिटर्न : लार्ज कैप फंड्स नियमित रिटर्न प्रदान कर सकते हैं क्योंकि वे बड़ी कंपनियों के शेयरों में निवेश करते हैं जो आमतौर पर स्थिर लाभांश प्रदान करती हैं।

## लार्ज कैप फंड्स के फायदे

- कम जोखिम : लार्ज कैप फंड्स आमतौर पर कम जोखिम वाले होते हैं क्योंकि वे बड़ी और स्थापित कंपनियों में निवेश करते हैं।
- नियमित रिटर्न : लार्ज कैप फंड्स नियमित रिटर्न प्रदान कर सकते हैं क्योंकि वे बड़ी कंपनियों के शेयरों में निवेश करते हैं जो आमतौर पर स्थिर लाभांश प्रदान करती हैं।
- विविधीकरण : लार्ज कैप फंड्स पोर्टफोलियो में विविधीकरण लाने में मदद कर सकते हैं।

# गोल्ड ईटीएफ में फिर बढ़ा निवेशकों का भरोसा

■ सबसे बड़े फंड्स ने 1 साल में दिया 33 से 35% तक रिटर्न ■ तीन साल की अवधि में एनुअल रिटर्न 22% से ज्यादा रहा है ■ गोल्ड में स्टेबिलिटी और सुरक्षा नजर आ रही ■ 2025 में गोल्ड ईटीएफ में 292 करोड़ रुपये का इनफ्लो आया




गोल्ड ईटीएफ यानी गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड में एक बार फिर निवेशकों की दिलचस्पी बढ़ गई है। मई 2025 में गोल्ड ईटीएफ में 292 करोड़ रुपये का इनफ्लो देखने को मिला है, जबकि इससे पहले मार्च और अप्रैल में यह कैटेगरी लगातार दो महीने तक आउटफ्लो झेल रही थी। बीते एक साल में गोल्ड ईटीएफ ने करीब 33% तक का रिटर्न दिया है, वहीं तीन साल की अवधि में इनका एनुअल रिटर्न 22% से ज्यादा रहा है। यह परफॉर्मेंस बताता है कि बाजार में उथल-पुथल के बीच निवेशकों को गोल्ड में स्टेबिलिटी और सुरक्षा नजर आ रही है।

पैसे की बात
बिजनेस डेस्क

### क्यों लौटने लगा निवेशकों का रुझान

मार्च में 77.21 करोड़ और अप्रैल में 5.82 करोड़ रुपये का नेट आउटफ्लो दर्ज करने के बाद मई में गोल्ड ईटीएफ में 292 करोड़ रुपये का निवेश आया। इसकी प्रमुख वजह रही गोल्ड की कीमतों में मजबूती और ग्लोबल लेवल पर आर्थिक और राजनीतिक अस्थिरता। मई में गोल्ड ईटीएफ ने औसतन 1.10% रिटर्न दिया, जिसमें टाटा गोल्ड ईटीएफ 2.53% के रिटर्न के साथ टॉप पर रहा। यह संकेत है कि निवेशक अब फिर से गोल्ड को एक सुरक्षित एसेट के रूप में प्राथमिकता देने लगे हैं।

### टॉप गोल्ड ईटीएफ फंड्स का पिछला प्रदर्शन

देश के प्रमुख गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड्स के पिछले प्रदर्शन को देखने से पता चलता है कि सोने जैसे सुरक्षित एसेट में निवेश करके भी इन्होंने 1 और 3 साल में काफी आकर्षक रिटर्न दिए हैं। हमने इस लिस्ट में सिर्फ उन टॉप गोल्ड ईटीएफ को शामिल किया है, जिनका एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) कम से कम 1000 करोड़ रुपये या उससे ज्यादा है.

| ईटीएफ का नाम | 1 साल का रिटर्न | 3साल का रिटर्न |
|---|---|---|
| - यूटीआई गोल्ड ईटीएफ | 35.25% | 22.87% |
| - एयूएम : 1,943 करोड़ रुपये | | |
| - एक्सिस गोल्ड ईटीएफ | 33.99% | 22.29% |
| - एयूएम : 1,809 करोड़ रुपये | | |
| - आईसीआईसीआई प्रूडेंटल गोल्ड ईटीएफ | 33.91% | 22.31% |
| - एयूएम : | 7,694 करोड़ रुपये | |
| - आदित्य बिरला सनलाइफ गोल्ड ईटीएफ | 33.83% | 22.23% |
| - एयूएम : 1,163 करोड़ रुपये | | |
| - कोटक गोल्ड ईटीएफ : | 33.74% | 22.23% |
| - एयूएम : 7,639 करोड़ रुपये | | |
| - एसबीआई गोल्ड ईटीएफ : | 33.66% | 22.10% |
| - एयूएम : 8,132 करोड़ रुपये | | |
| - निप्पोन इंडिया ईटीएफ गोल्ड बीईईएस : | 33.52% | 22.08% |
| - एयूएम : 21,120 करोड़ रुपये | | |
| - एचडीएफसी गोल्ड ईटीएफ : | 33.38% | 22.21% |
| - एयूएम : 10,093 करोड़ रुपये | | |

### अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी बढ़ा निवेश

एक रिपोर्ट के मुताबिक 2025 की पहली तिमाही में ग्लोबल लेवल पर भी गोल्ड ईटीएफ में निवेश 170% की सालाना वृद्धि के साथ 552 टन तक पहुंच गया। पिछले तीन सालों में यह सबसे बड़ी तिमाही डिमांड रही। इसका श्रेय ट्रेड टेंशन, जियोपॉलिटिकल अस्थिरता और गोल्ड प्राइस में तेजी को दिया जा रहा है। रिपोर्ट में बताया गया कि गोल्ड-बैक्ड ईटीएफ की होल्डिंग्स 226 टन बढ़कर 3445 टन तक पहुंच गई हैं।

### निवेश रणनीति में गोल्ड ईटीएफ की अहमियत

गोल्ड ईटीएफ को निवेश पोर्टफोलियो में एक बैलेंस बनाने वाले एसेट के रूप में देखा जाता है। यह न सिर्फ पोर्टफोलियो को ज्यादा सुरक्षित बनाता है, बल्कि बाजार की अस्थिरता के समय स्टेबल रिटर्न भी देता है। गोल्ड ईटीएफ में निवेश करने के लिए डिमैट और ट्रेडिंग अकाउंट की जरूरत होती है और इनकी हर यूनिट फिजिकल गोल्ड की एक तय क्वांटिटी (आमतौर पर 1 ग्राम) से जुड़ी होती है। गोल्ड ईटीएफ में निवेशकों की वापसी और पिछले रिटर्न के आंकड़े इस बात का संकेत हैं कि बाजार में अस्थिरता के समय गोल्ड एक भरोसेमंद विकल्प बना हुआ है। चाहे वह घरेलू निवेशक हों या अंतरराष्ट्रीय संस्थान, सबके लिए गोल्ड एक महत्वपूर्ण एसेट क्लास बना हुआ है।

### गोल्ड ईटीएफ की विशेषताएं

- सोने की कीमतों के साथ जुड़ाव: गोल्ड ईटीएफ की कीमतें सोने की कीमतों के साथ जुड़ी होती हैं।
- एक्सचेंज पर कारोबार: गोल्ड ईटीएफ शेयर बाजार में सूचीबद्ध होते हैं और इनमें निवेश करने के लिए आप शेयर बाजार में कारोबार कर सकते हैं।
- निवेश की सुविधा: गोल्ड ईटीएफ में निवेश करना आसान है और आप ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से निवेश कर सकते हैं।

### गोल्ड ईटीएफ के फायदे

- सोने की कीमतों में भागीदारी: गोल्ड ईटीएफ में निवेश करने से आपको सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव के अनुसार रिटर्न मिल सकता है।
- विविधीकरण: गोल्ड ईटीएफ पोर्टफोलियो में विविधीकरण लाने में मदद कर सकता है।
- लिक्विडिटी: गोल्ड ईटीएफ में निवेश करना लिक्विड है और आप आसानी से अपने निवेश को बेच सकते हैं।

## बच्चे की हायर एजुकेशन की नहीं होगी टेंशन

# रोजाना 70 रुपये बचा बनाएं लाखों का फंड

समझदारी
बिजनेस डेस्क

**पोस्ट ऑफिस की पीपीएफ स्कीम में लॉन्ग टर्म इन्वेस्टमेंट ऑप्शन आप न्यूनतम 500 और अधिकतम 1.5 लाख सालाना करें निवेश**

शादी के बाद अधिकतर कपल्स के मन में सबसे बड़ा सवाल यही होता है कि आने वाले समय में बच्चों की पढ़ाई का खर्च कैसे उठाएं? मौजूदा दौर में एजुकेशन बहुत महंगी होती जा रही है। स्कूल फीस से लेकर यूनिफॉर्म, कॉपी-किताबें और एक्स्ट्रा करिकुलर एक्टिविटीज तक, हर चीज में मोटा खर्च आता है। ऐसे में अगर आप अभी से सही प्लानिंग करें, तो भविष्य की टेंशन से बचा जा सकता है। पोस्ट ऑफिस की एक खास स्कीम आपकी इसी चिंता को दूर कर सकती है। इसमें निवेश कर आप बच्चों की एजुकेशन के लिए मजबूत फंड बना सकते हैं। अगर आप बच्चों की हायर एजुकेशन के लिए एक सुरक्षित और गारंटीड रिटर्न वाला निवेश विकल्प ढूंढ़ रहे हैं, तो पोस्ट ऑफिस की पब्लिक प्रोविडेंट फंड (पीपीएफ) स्कीम आपके लिए एक बेहतरीन विकल्प हो सकती है। इस स्कीम में सिर्फ 70 रुपये रोजाना यानी 2,100 महीने की बचत से आप 15 साल में एक अच्छा खासा फंड तैयार कर सकते हैं।

### क्या है पोस्ट ऑफिस की पीपीएफस्कीम

पोस्ट ऑफिस की पीपीएफस्कीम एक लॉन्ग टर्म इन्वेस्टमेंट ऑप्शन है, जिसमें आप न्यूनतम 500 रुपये और अधिकतम 1.5 लाख रुपये सालाना निवेश कर सकते हैं। इस पर सरकार की तरफ से सालाना 7.1% ब्याज दिया जाता है और मैच्योरिटी पीरियड 15 साल का होता है।



### 70 रुपये रोजाना बचत से कैसे मिलेगा 6.78 लाख

अगर आप हर दिन 70 रुपये बचाकर हर महीने पीपीएफ अकाउंट में 2,100 रुपये जमा करते हैं, तो एक साल में आपका कुल निवेश 25,200 रुपये होगा। इस तरह 15 साल में आप 3.75 लाख रुपये का निवेश करेंगे। ब्याज मिलाकर 15 साल बाद आपको 6,78,035 रुपये मिल सकते हैं।

**बच्चों की पढ़ाई का खर्च होगा आसान :** 15 साल बाद यही रकम आपके बच्चों की हायर एजुकेशन, कॉलेज फीस या अन्य जरूरतों के लिए इस्तेमाल की जा सकती है। यह स्कीम खासतौर पर उन पैरेंट्स के लिए फायदेमंद है जो कम बजट में भी एक सुरक्षित और भरोसेमंद निवेश चाहते हैं।

### पोस्ट ऑफिस पीपीएफ खाता क्या है

पोस्ट ऑफिस की पब्लिक प्रोविडेंट फंड (पीपीएफ) स्कीम एक भरोसेमंद निवेश विकल्प है, जो लंबे समय के लिए रिटायरमेंट फंड बनाने में मदद करती है। इस योजना के तहत निवेशकों को 15 साल की अनिवार्य लॉक-इन अवधि के साथ खाता खोलना होता है। यानी, खाता खोलने के बाद 15 साल तक इसे बंद नहीं किया जा सकता। हालांकि, 7वें साल से कुछ शर्तों के साथ आंशिक निकासी की अनुमति मिलती है। इस स्कीम की सबसे बड़ी खासियत इसका आकर्षक ब्याज दर और टैक्स में छूट है। आयकर अधिनियम की धारा 80सी के तहत इसमें निवेश करने पर टैक्स लाभ मिलता है। इसके अलावा, निवेशक को लोन सुविधा, खाता 5-5 साल की अवधि में आगे बढ़ाने की सुविधा भी मिलती है।

### पोस्ट ऑफिस पीपीएफ कैलकुलेटर क्या है?

पोस्ट ऑफिस पीपीएफ कैलकुलेटर एक आसान ऑनलाइन टूल है, जो सेकेंडों में जटिल गणनाएं कर देता है। इस कैलकुलेटर की मदद से आप यह पता कर सकते हैं कि निश्चित समयावधि और निवेश की आवृत्ति के आधार पर आपको हर साल कितना रिटर्न मिलेगा और कुल परिपक्वता राशि कितनी होगी।

### कैलकुलेटर कैसे इस्तेमाल करें?

- हर साल आप कितनी राशि जमा करेंगे, उसे दर्ज करें।
- ब्याज दर और निवेश की अवधि डालें।
- कैलकुलेटर अपने-आप अनुमानित ब्याज और मैच्योरिटी अमाउंट दिखा देगा।
- इस तरह यह कैलकुलेटर यह तय करने में मदद करता है कि आपने जो निवेश चुना है, वह आपके वित्तीय लक्ष्य के अनुरूप है या नहीं।

### पोस्ट ऑफिस पीपीएफ कैलकुलेटर के फायदे

- सेकेंडों में रिजल्ट
- निवेश और ब्याज का सालाना विश्लेषण
- टैक्स प्लानिंग में मदद
- वित्तीय योजना बनाने में सहायक



करोड़पति बनने का भी शॉर्टकट

# मात्र 10,000 का निवेश कर देगा मालामाल

बिजनेस डेस्क

करोड़पति बनने में कितना समय लगता है? यह ऐसा सवाल है जिसे अक्सर काफी लोग पूछते हैं। देखा जाए तो करोड़पति बनना बहुत आसान है, लेकिन इसके लिए कई तरह के त्याग करने की जरूरत पड़ती है। वैसे तो किसी भी चीज का कोई शॉर्टकट नहीं होता, लेकिन अगर आप करोड़पति बनने का सोच लें, तो इसका शॉर्टकट जरूर निकल आता है। हालांकि यह शॉर्टकट इतना भी शॉर्ट नहीं है। आप मात्र 10 हजार रुपये हर महीने इन्वेस्ट करके बहुत जल्दी करोड़पति बन सकते हैं। दरअसल, एसआईपी यानी सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान एक ऐसा तरीका है जिससे आप हर महीने थोड़ा-थोड़ा पैसा लगाकर लंबे समय में अच्छा पैसा बना सकते हैं। अगर आपको हर साल लगभग 15% का रिटर्न मिले, तो आप मात्र 19 साल में 1 करोड़ रुपये से भी ज्यादा की रकम इकट्ठी कर सकते हैं।



### कैसे बन सकते हैं करोड़पति?

एसआईपी म्यूचुअल फंड में निवेश करने का तरीका है। इसके जरिए आप थोड़ी-थोड़ी रकम हर महीने निवेश करके बड़ा फंड इकट्ठा कर सकते हैं। इसमें मिलने वाला चक्रवृद्धि ब्याज इस निवेश की सबसे बड़ी ताकत होता है। अगर आप एसआईपी के जरिए 10 हजार रुपये हर महीने म्यूचुअल फंड में निवेश करने हैं और आपको 15 फीसदी सालाना ब्याज मिलता है तो मात्र 19 साल में ही आप एक करोड़ रुपये से ज्यादा की रकम इकट्ठी कर लेंगे। 10 हजार रुपये हर महीने निवेश करने से आप 19 साल में 22,80,000 रकम निवेश करेंगे। इस पर आपको 91,47,124 रुपये का ब्याज मिलेगा। यह ब्याज 15 फीसदी सालाना की दर से होगा। इस प्रकार आप 19 साल में 1.14 करोड़ रुपये से ज्यादा की रकम इकट्ठी कर लेंगे। यानी आप 19 साल में करोड़पति बन जाएंगे।



### अगर 10 हजार रुपये से कम करें तो?

अगर आप 10 हजार रुपये महीने निवेश नहीं कर सकते तो भी आपको करोड़पति बनने से कोई नहीं रोक सकता। आप कम रकम निवेश करके भी करोड़पति बन सकते हैं। हालांकि इसके लिए आपको कुछ ज्यादा इंतजार करना पड़ेगा। अगर आप 10 की जगह 8 हजार रुपये या 5 हजार रुपये हर महीने निवेश करके भी करोड़पति बन सकते हैं। अगर आप 8 हजार रुपये हर महीने निवेश करते हैं तो आपको करोड़पति बनने में 20 साल लगेंगे। वहीं अगर आप 5 हजार रुपये हर महीने निवेश करते हैं तो आप 23 साल में करोड़पति बन जाएंगे।



### एसआईपी क्यों है फायदे का सौदा?

एसआईपी वित्तीय अनुशासन को भी बढ़ावा देता है। इससे लोगों को रिटायरमेंट, बच्चों की शिक्षा या घर खरीदने जैसे लक्ष्यों के लिए थोड़ा-थोड़ा पैसा अलग रखने में आसानी होती है। इसका एक और बड़ा फायदा है कंपाउंडिंग। कंपाउंडिंग का मतलब है कि आपको अपने निवेश पर जो रिटर्न मिलता है, उस पर भी रिटर्न मिलता है। इससे समय के साथ आपकी संपत्ति तेजी से बढ़ती है। निवेश की अवधि जितनी लंबी होगी, कंपाउंडिंग का असर उतना ही ज्यादा होगा।




### करोड़पति बनने के लिए रणनीतियां

- नियमित निवेश: नियमित निवेश करने से आपको अपने पैसे को बढ़ाने में मदद मिल सकती है।
- विविधीकरण: अपने निवेश को विभिन्न प्रकार की सिक्योरिटीज में विभाजित करने से आपको जोखिम को कम करने में मदद मिल सकती है।
- लंबी अवधि का दृष्टिकोण: लंबी अवधि के लिए निवेश करने से आपको अपने पैसे को बढ़ाने में मदद मिल सकती है।
- वित्तीय अनुशासन: वित्तीय अनुशासन बनाए रखने से आपको अपने वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिल सकती है।
- शिक्षा और ज्ञान: वित्तीय शिक्षा और ज्ञान प्राप्त करने से आपको अपने वित्तीय निर्णयों को निर्देशित करने में मदद मिल सकती है।




### करोड़पति बनने के लिए कुछ आदतें

- बचत: नियमित बचत करने से आपको अपने वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिल सकती है।
- निवेश: नियमित निवेश करने से आपको अपने पैसे को बढ़ाने में मदद मिल सकती है।
- वित्तीय योजना: वित्तीय योजना बनाने से आपको अपने वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिल सकती है।
- जोखिम प्रबंधन: जोखिम प्रबंधन करने से आपको अपने वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिल सकती है।
- धैर्य: धैर्य बनाए रखने से आपको अपने वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिल सकती है।
- करोड़पति बनने के लिए कोई शॉर्टकट नहीं है, लेकिन सही रणनीतियों और आदतों को अपनाकर आप अपने वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### केस उठाने को लेकर धमकी देने का आरोप

**खरखौदा।** पाई गांव के रहने वाले सचिन ने गांव के ही लोगों पर धमकी देने आरोप लगाया है। पुलिस ने सचिन की शिकायत पर नौ लोगों का नामजद किया है। सचिन का कहना है कि रात को वह दिल्ली से घर आया तो हरीश व मीनू ने एक साथी के साथ गाड़ी से रास्ता रोका लिया। धमकाते उसे कहा कि जो तुने केस दर्ज करवाया हुआ है, उसे उठा ले नहीं तो जान से मार देंगे। वह गाड़ी को खड़ा करने लगा तो फिर से गाड़ी को घुमाकर लाए, वहीं परिवार के अन्य सदस्य भी लाठी-डंडे लेकर बाइक व ट्रैक्टर पर बैठ कर आ गए।

### मारपीट कर घायल करने का आरोप

**सोनीपत।** राई थाना क्षेत्र में कार सवार युवकों ने एक अन्य कार सवार युवकों पर मारपीट कर घायल करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलि हमलावरों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके।

### मारपीट कर घायल करने का आरोप

**सोनीपत।** सदर थाना क्षेत्र के गांव भटगांव माल्यान में खेलने गए अधिवक्ता के साथ मारपीट कर घायल करने व धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस को देकर युवक व उसके भाई पर वारदात को अंजाम देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस संबंध में आरोपितो को नामजद कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव भटगांव माल्यान निवासी नवीन ने बताया कि पेशे से अधिवक्ता है।

### वितरित किया कढ़ी चावल का प्रसाद

**सोनीपत।** मानव अधिकार संरक्षण संघ द्वारा शनिवार को राष्ट्रीय कार्यालय छोटूराम चौंक के निकट कढ़ी-चावल का प्रसाद वितरण किया गया। इसमें काफी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। मानव अधिकार संरक्षण संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयवीर गहलावत, उपाध्यक्ष निर्मला देवी, राष्ट्रीय सलाहकार डा. पूरणमल गौड़, डा. सुभाष सिसोदिया, सुभाष वशिष्ठ, राजपाल गुलिया, सुनील लोहचब, सत्यवीर आर्य आदि मौजूद रहे।

### विमान हादसे में मारे गए लोगों को दी श्रद्धांजलि



**सोनीपत।** सिटी पार्क नियर विश्वकर्मा चौक में अहमदाबाद में हुए हवाई यात्रा में मारे गए लोगों के लिए 2 मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि दी गई। भगवान से प्रार्थना की गई कि प्रभु उन सभी दिवंगत आत्माओं को अपने पावन चरणों में स्थान दें और इस दुख की घड़ी में सभी परिवार वालों को धैर्य शक्ति प्रभु प्रदान करें। सिटी पार्क संगठन के सभी सदस्य एवं अन्य सभी सदस्य उपस्थित रहे।

## विश्व रक्तदाता दिवस पर कटवाल में रक्तदान शिविर का किया आयोजन

# रक्तदान जरूर करें ताकि खून की कमी से किसी की जान न जाए : विधायक

### *आयोजित शिविर में 61 नागरिकों ने रक्तदान का पुण्य बटोरा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

विश्व रक्तदाता दिवस पर शनिवार को गांव कटवाल में पूर्व सरपंच सुभाष उर्फ लौकी की बैठक में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 61 नागरिकों ने रक्तदान का पुण्य बटोरा। अध्यक्षता पूर्व सरपंच सुभाष उर्फ लौकी ने की। मुख्य अतिथि बरोदा हलका के कांग्रेस विधायक इंदुराज नरवाल ने कहा कि रक्तदान करना अति पुण्य का काम है। किसी व्यक्ति की जान बचाने के लिए रक्तदान अवश्य करें। आज के समय सड़क दुर्घटनाएं बहुत अधिक हो रही हैं। दुर्घटनाओं में रोजाना काफी लोग घायल हो जाते हैं। अस्पतालों में उपचार के दौरान कई बार आपात स्थिति में उनको रक्त की जरूरत पड़ जाती है। ऐसी स्थिति में जब अस्पताल के रक्त बैंक में रक्त उपलब्ध होगा तभी जरूरतमंद व्यक्ति को रक्त मिल सकेगा। ऐसे में रक्तदान जरूर करें ताकि रक्त की कमी से किसी व्यक्ति की जान न जाए। शिविर में मोनू दूहन, उनके भाई संदीप, मां बिमला, चचेरे भाई रवि, जोगेंद्र, अमरजीत, ममेरे भाई सोमबीर दहिया और उनकी बेटी अंजु दहिया सहित अन्य नागरिकों ने रक्तदान किया। इस आयोजन में अनन्या, युवान, कुंज, अंश, अर्पित, अक्षत, उदित, अनवी, किरण और अपूर्वा का विशेष सहयोग रहा।



**गोहाना।** रक्तदाताओं को आशीर्वाद देते विधायक इंदुराज नरवाल व आयोजक।



**खरखौदा।** शिविर में रक्तदान करते रक्तदाता, हौसला बढ़ाते आयोजक

### रक्तदाताओं को किया सम्मानित




**सोनीपत।** जिला रेडक्रॉस भवन में नगराधीश डॉ. अनमोल ने सोनीपत जिले के रक्त वीरों और रक्तदान के क्षेत्र में कार्य करने वाली संस्थाओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला रेडक्रॉस भवन में रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें 22 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। सभी ने यह प्रण लिया कि समाज में जागरूकता फैलाकर रक्तदान संबंधित भ्रांतियों को दूर करना चाहिए ताकि अधिक से अधिक लोग रक्तदान करके जीवन रक्षा कर सकें। रक्तदान महादान है, क्योंकि यह मानव ही मानव को दान कर सकता है। सम्मानित होने वाले रक्तवीरों में गीता भी सम्मिलित रही। इस अवसर पर सचिव गौरव रामकरण, संजय कुमार, दिलबाग सिंह, नरेंद्र भूटानी, नरेंद्र हुड्डा, मास्टर पूरन सिंह, विपिन गौड़, महावीर पहल, डॉ. भानू शर्मा, मुकेश कुमार, पहलवान हवा सिंह आदि उपस्थित रहे।

### तीन महिलाओं सहित 23 ने किया रक्तदान

**खरखौदा।** सिसाना स्थित ढीकन वाला आश्रम में स्वास्थ्य जांच, उपचार व रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस सेवा कार्य में तीन महिलाओं सहित कुल 23 रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की। शिविर के दौरान 50 से अधिक लोगों के दांतों की जांच एवं उपचार डॉ. अनिकेत की विशेषज्ञ टीम द्वारा किया गया। 150 से अधिक लोगों को कोच राजू सोनी द्वारा थेरेपी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पक्षी आवास योजना से मोहित ने रक्तदान किया और हरियाणवी कलाकार मनदीप देशवाल ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। विशिष्ट अतिथि के रूप में धम्मल फौजी पिपली उपस्थित रहे। जिन्होंने 133 वीं बार रक्तदान कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और युवाओं को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर पूर्व जिला पार्षद चांद पहलवान ने भी रक्तदान कर समाज सेवा में अपना योगदान दिया। कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी रक्तदाताओं को आश्रम के सेवादारों द्वारा सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में भगत नारायण दास, ब्लॉक समिति सदस्य रीना, सामाजिक कार्यकर्ता पिंकी, पारुल दहिया, अखिल सेहरी, मनदीप, आशीष, नीरज, गौशाला प्रधान रणदीप, विजय लाढ़ौत मौजूद रहे।



**गोहाना।** शिविर में रक्तदाताओं के साथ अतिथि और आयोजक। *फोटो :हरिभूमि*

## भागराम ट्रस्ट के शिविर में २५ लोगों ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

विश्व रक्तदाता दिवस पर शनिवार को भागराम ट्रस्ट के शिविर में 25 लोगों ने रक्तदान किया। यह शिविर शहर में भगवान परशुराम चौक में आयोजित हुआ।

अध्यक्षता ट्रस्ट की अध्यक्ष उषा गगनेजा ने की। संयोजन स्टार रक्तदाता सुरेंद्र विश्वास का रहा। रक्तदान शिविर का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि समाजसेवी जस्सी खुराना और विशिष्ट अतिथि हिमांक ढल ने किया। शिविर में विशेष रक्तदाताओं में श्यामसुंदर जिंदल और नीतू नारंग, नियमित रक्तदाताओं में अनिल, संजीत, मोहित, नरेश, रामशाद, शीशराम, अमित, रोहित, लोकेश और नरेंद्र ने रक्तदान किया।



**गन्नौर।** नव नियुक्त हरियाणा ग्रामीण चौकीदार ब्लाक गन्नौर सतीश कुमार का स्वागत करते हुए।

### हरियाणा ग्रामीण चौकीदार ब्लाक गन्नौर के प्रधान बने सतीश

**गन्नौर।** हरियाणा ग्रामीण चौकीदार ब्लाक गन्नौर की बैठक पुरखास गांव में हुई। जिसमें चौकीदारों ने अपनी मांगों को लेकर सरकार से समाधान की मांग की और नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया। जिसमें ब्लाक प्रधान सतीश कुमार, उपप्रधान राजेश, सचिव यासीन, कोषाध्यक्ष रमेश, सलाहकार नफेसिंह को चुनाव गया। नवनियुक्त प्रधान सतीश कुमार ने कहा कि एसोसिएशन ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी है, उसका वे ईमानदारी से निवर्हन करेंगे और एसोसिएशन के उत्थान के लिए कदम उठाएंगे। इस मौके पर जगदीप, मोहित, बिजेन्द्र, जगमन्द्र, राधेश्याम आदि गणमान्य लोग मौजूद थे।

# गोहानाः महिला विवि में एमएससी गणित पाठ्यक्रम में प्रवेश आरंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विवि, खानपुर कलां के गणित विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए एमएससी. गणित पाठ्यक्रम में प्रवेश की प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है। विभागाध्यक्ष प्रो. सुनील कुमार ने बताया कि विभाग का उद्देश्य गणित के क्षेत्र में कक्षा शिक्षण, प्रशिक्षण, अनुसंधान और नवाचार को प्रोत्साहित करते हुए एक उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण तैयार करना है। प्रो. सुनील कुमार ने कहा कि एमएससी गणित कार्यक्रम को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप पुनः संरचित किया गया है। यह पाठ्यक्रम उन छात्राओं के लिए विशेष अवसर लेकर आया है जो गणित को केवल एक विषय नहीं, बल्कि एक पेशेवर और तकनीकी शक्ति के रूप में अपनाना चाहते हैं। इस पाठ्यक्रम की अवधि दो वर्ष है जिसमें कुल 40 सीटें उपलब्ध हैं। नए पाठ्यक्रम की एक विशेष बात यह है कि छात्राओं को पहले ही वर्ष से प्रोग्रामिंग लैंग्वेज का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके साथ ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित विषयवस्तु भी पाठ्यक्रम में सम्मिलित की गई है ताकि विद्यार्थियों को गणित की पारंपरिक गहराई के साथ-साथ समकालीन तकनीकी कौशल में भी दक्ष बनाया जा सके।

**शोध की अपार संभावनाएं**

विभागाध्यक्ष प्रो. सुनील कुमार ने कहा कि एमएससी गणित करने के पश्चात छात्राओं के लिए शोध व शिक्षण में अपार संभावनाएं हैं। इसके अलावा वे डेटा साइंस, फाइनेंस, सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग, एक्चुरियल साइंस और सरकारी सेवाओं जैसे क्षेत्रों में कार्य कर सकती हैं। यही नहीं अकादमिक संस्थानों में अध्यापन एवं उच्च अध्ययन के द्वार भी उनके लिए सदैव खुले रहते हैं।

# मोटापा शरीर में बीमारियों का संकेत : डॉ. नरेश

### *शिविर में चौथे दिन मोटापा कम करने के लिए योगाभ्यास करवाया*

- मोटापा जीवन की गुणवत्ता को भी प्रभावित करता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

पतंजलि योग समिति गोहाना इकाई के तत्वावधान में जींद रोड स्थित नगर परिषद पार्क में आयोजित योग शिविर के चौथे दिन मोटापा कम करने में सहायक योग क्रियाओं का अभ्यास करवाया गया। शिविर की अध्यक्षता समिति प्रभारी पंकज जैन ने की। संयोजन योगाचार्य डॉ. सुरेश सैनी व नीरज ग्रोवर रहा। संचालन विजय चौहान ने किया।

शिविर में मुख्य योग प्रशिक्षक डॉ. नरेश मलिक, सह योग प्रशिक्षक आजाद सिंह दांगी और जगमति सैनी ने योग साधकों को योगाभ्यास करवाया। डॉ. नरेश मलिक ने कहा कि कहा कि मोटापा बढन्ना शरीर में बीमारियों का संकेत है। मोटाप अपने साथ बीपी, शुगर और थायराइड जैसी कई बीमारियां साथ लेकर आता है। मोटापे से हृदय रोग, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, स्ट्रोक, स्लीप एपनिया, कुछ प्रकार के कैंसर, और जोड़ों के दर्द जैसी बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है। मोटापा जीवन की गुणवत्ता को भी प्रभावित करता है। शिविर में विशेष सहयोग सुरेश पांचाल व सुभाष सहरावत का रहा। शिविर में वेद प्रकाश सैनी, ओमप्रकाश जैन, किताब सिंह देशवाल, बिट्टू जैन, सूबेदार सतबीर सिंह, राजेंद्र प्रसाद रोहिल्ला, हरीश कुमार गिरोत्रा, राजबाला सैनी, गीता ग्रोवर, संगीता देवी सरोज सैनी, कमलेश और मंजू ने भी योगाभ्यास किया।



**गोहाना।** मोटापा कम करने वाली योग क्रियाएं करवाते प्रशिक्षक। *फोटो :हरिभूमि*

# शिक्षक अर्जित ज्ञान को छात्रों के साथ साझा करें

- पांच दिवसीय एफएलएन शिविर के समापन पर शिक्षकों को दिए प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

कथूरा खंड के शिक्षकों के लिए आयोजित पांच दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण कार्यक्रम शनिवार को संपन्न हो गया। अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी जितेंद्र गौड़ ने की। उन्होंने प्रशिक्षण ग्रहण करने वाले शिक्षकों से आह्वान किया कि प्रशिक्षण के दौरान सीखे गए हिंदी, अंग्रेजी, गणित विषयों को खेल-खेल में छात्रों को सिखाना सुनिश्चित करें। समन्वयक संदीप ने बताया कि प्रशिक्षण में विभिन्न विद्यालयों के 40 प्राथमिक अध्यापकों ने भाग गया। मास्टर ट्रेनर संगीता व सपना ने शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और कक्षा प्रथम से तृतीय कक्षा तक अंग्रेजी, गणित और हिंदी भाषाओं के बारे में विस्तार से बताया। शिविर में एबीआरसी अनिल, ज्योति और राममेहर का सहयोग रहा। शिविर के समापन पर खंड शिक्षा अधिकारी ने सभी अध्यापकों को प्रमाण पत्र दिए।



**गोहाना।** प्रमाण पत्रों के साथ शिक्षक। *फोटो : हरिभूमि*

### राठधाना में संपत्ति पंजीकरण कैंप लगा

**सोनीपत।** नगर निगम सोनीपत क्षेत्र के गांव राठधाना में शनिवार को गांव की आबादी देह और लाल डोरा के तहत आने वाली संपत्तियों के पंजीकरण/संपत्ति प्रमाण पत्र के लिए एक विशेष कैंप का आयोजन किया गया। यह कैंप गांव राठधाना की लाइब्रेरी, सरकारी स्कूल के निकट सुबह 10 बजे से दोपहर 4 बजे तक चला, जिसमें ग्रामवासियों को अपनी संपत्ति से संबंधित कार्यों को एक ही स्थान पर निपटाने का अवसर मिला।





### पौधरोपण कर मनाया जन्मदिन

**गन्नौर।** खेड़ी गुज्जर गांव में सतकुम्भा धार्मिक स्थल, राजकीय स्कूल बिलंदपुर, शमशान घाट में पूर्व रविदास विश्व महापीठ सुशील धानिया ने बेटी के जन्मदिन पर पौधारोपण कर उनकी देखरेख की जिम्मेदारी ली। बेटी किरण धानियां ने पौधारोपण कर संदेश दिया कि हमें अपने जन्मदिन को किसी होटल व खाना खाने की बजाया पौधारोपण करके मनाना चाहिए। अगर इसी तरह से सभी पौधारोपण करेंगे तो ग्लोबल वार्मिग रोकने में मदद मिलेगी। पृथ्वी पर जीवन जीने के लिए पौधारोपण करना बहुत जरूरी है।



**गोहाना।** पदक विजेता खिलाड़ी विद्यालय के शिक्षकों के साथ जीते गए पदक प्रदर्शित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# जेएलएन बॉक्सिंग अकादमी के पदक विजेता सम्मानित

**गोहाना।** थर्ड अखिल भारतीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता में जेएलएन वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोहाना की बॉक्सिंग अकादमी के 5 मुक्केबाजों ने पदक जीतकर अपने मुक्के का दम दिखाया। शुक्रवार को विद्यालय में पदक विजेताओं को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह की अध्यक्षता एमडी सुनील शर्मा तथा प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा ने की। संयोजन उप प्राचार्य सूरत शर्मा का रहा। 9, 10 व 11 जून को भारत स्पोर्ट्स एकेडमी गोहाना में अखिल भारतीय आमंत्रण मुक्केबाजी प्रतियोगिता आयोजित की गई। चैंपियनशिप में जेएलएन बॉक्सिंग अकादमी के मुक्केबाज वंश ने 48-50 किलोग्राम भारवर्ग, स्वर ने 68 किलोग्राम भारवर्ग और जेम्स ने 54 किलोग्राम भारवर्ग में रजत पदक जबकि शुभम ने 37 किलोग्राम भारवर्ग और शिवानी ने 44-46 किलोग्राम भारवर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किए। पदक विजेताओं को विद्यालय की प्रबंधक कृष्णा शर्मा ने इस शानदार उपलब्धि के लिए बॉक्सिंग कोच युकेश दत्त और पदक विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी।

**कार्यक्रम** आयोजित संत कबीर जयंती महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की

# संत कबीर के विचार सदा हम सबके मार्गदर्शक बने रहेंगेः दीपेन्द्र हुड्डा

संत कबीर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

सांसद दीपेन्द्र हुड्डा शनिवार को खरखौदा हलके के गांव गोरड़ में निःस्वार्थ कबीर सेवा समिति द्वारा आयोजित संत कबीर जयंती महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने संत कबीर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि 15 वीं शताब्दी में संत कबीर की वाणी के हर शब्द आज तक सुनाई देते हैं। उनके आदर्श, उनकी वाणी का प्रकाश हमारे समाज को हमेशा रास्ता दिखाने का काम करेगा। कबीरदास के प्रसिद्ध दोहे 'जाति न पूछो साधु की,पूछ लिजिए ज्ञान, मोल करो तलवार का, पड़ा रहन दो म्यान' का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि संत कबीर के दोहों में समुद्र जैसी गहराई है, उनके विचारों उनके दोहों को आदर्श मानकर जीवन में आगे बढ़ा जा सकता है। भगवान ने कहा है कि हर जाति में अच्छे-बुरे हर तरह के इंसान मिलेंगे लेकिन संत कबीर ने उपदेश दिया कि हर मनुष्य के कर्म देखो, उसके ज्ञान को देखो। सांसद दीपेन्द्र ने "कबीरा खड़ा बाजार में मांगे सबकी खैर ना काहू से दोस्ती ना काहू से बैर" का उल्लेख करते हुए कहा कि यह सर्वविदित सत्य है कि हर व्यक्ति बराबर है। मनुष्य ने ही जाति-पाति, धर्म का भेदभाव किया लेकिन भगवान ने कोई फर्क नहीं किया। समानता के पक्षधर कबीरदास ने सिखाया कि मनुष्य-मनुष्य में भेद नहीं किया जा सकता। आज जब हम किसी अस्पताल में जाते हैं और खून की जरुरत पड़ती है तो किस जाति का खून है ये नहीं देखा जाता। जब भगवान ने इंसान में फर्क नहीं किया तो फर्क करने वाले हम कौन होते हैं। वास्तव में संत कबीर एक इंसान थे जो हर इंसान की कदर करते थे, उनके दोहे आज भी हम सब के लिए प्रासंगिक हैं। संत कबीर के विचार सदा हम सबके मार्गदर्शक बने रहेंगे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से विधायक इंदुराज नरवाल, पूर्व विधायक जयवीर बाल्मिकी, पूर्व विधायक सुरेंद्र पवार, पूर्व विधायक पदम सिंह दहिया, जोगेंद्र दहिया, मनोज रिढाऊ, अंजू बाला खटक सहित कबीर दास समाज के सभी पदाधिकारीगण व बड़ी संख्या में स्थानीय गणमान्य लोग मौजूद रहे।




**खरखौदा।** सांसद दीपेंद्र हुड्डा को सम्मानित करते आयोजक। *फोटो :हरिभूमि*

**GRAM PANCHAYAT VILLAGE KHEWRA**
**BLOCK MURTHAL, DISTRICT SONIAPT**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है ग्राम पंचायत खेवडा ब्लॉक मुरथल में बैंकटहाल के सामने वाले तालाब से गंदे पानी की निकासी व मानसिंह पाने वाले गंदे पानी के तालाब से गंदे पानी की निकासी व जोहड़ की मिट्टी/गाद ट्रैक्टर, डंफर द्वारा गांव से बाहर डालने के कार्य और मानसिंह पाने वाले तालाब से बावनी तक सीवरेज सफाई का कार्य करवाया जाना है। इच्छुक फर्म ग्राम पंचायत सरपंच खेवडा को 3 दिन के अन्दर निविदा प्रस्तुत कर सकती है तय समय पश्चात किसी की भी निविदा पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

**हस्ता/-सरपंच**
**ग्राम पंचायत खेवडा, सोनीपत**

## खबर संक्षेप

### अवैध हथियार सहित आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** क्राइम यूनिट कुंडली टीम ने अवैध हथियार की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित संदीप उर्फ सिंडरी निवासी सिटावली का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। सहायक उप निरीक्षक मनोज कुमार की टीम ने जीटी रोड पर मुरथल के पास मौजूद थी। उसी दौरान उन्हें कुराड़ गांव के पास संदिग्ध युवक के होने की सूचना मिली।



### फोन छीनने की वारदात में शामिल आरोपी काबू

**सोनीपत।** मुरथल थाना सोनीपत पुलिस ने युवक से फोन छीनने की वारदात में शामिल महिला आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित महिला सोनीपत की है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

### लाइब्रेरी आए युवक का दोपहिया वाहन चोरी

**सोनीपत।** बहालगढ़ थाना क्षेत्र में लाइब्रेरी में पढ़ने आए युवक का दोपहिया वाहन चोरी होने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस वाहन चोर का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है।

### रंजिशन से चलते युवक पर किया हमला, घायल

**खरखौदा।** गोरड गांव के रहने वाले प्रदीप ने गांव के ही एक व्यक्ति व उसके साथियों पर रंजिशन हमला कर घायल करने का आरोप लगाया है। प्रदीप का कहना है कि वह शाम के समय घूमने के लिए निकला था। इसी दौरान गांव का ही बिजेंद्र अपने दो अन्य साथियों के साथ कार में बैठ कर आया और उसे धमकाते हुए उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। उसने जब शोर मचाया तो गांव के ही लोगों ने उसे छुड़वाया, इसके बाद हमलावरों ने उसे धमकी दी।

## रेलवे स्टेशन परिसर में खोदी जमीन

# स्टेशन पर सीवर व्यवस्था होगी सुचारू, काम शुरू

29 करोड़ रुपये खर्च कर सुधारा जा रहा है रेलवे स्टेशन, इसी के तहत हो रहा है सीवर व्यवस्था का काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

अमृत भारत स्टेशन परियोजना के तहत रेलवे स्टेशन पर काम किया जा रहा है। काफी समय से चल रहे इस काम ने अब कुछ रफ्तार पकड़ ली है। रेलवे स्टेशन पर अंतिम छोर पर प्रथम चरण के निर्माण कार्य के बीच अब निकासी व्यवस्था को लेकर काम शुरू कर दिया गया है। 29 करोड़ रुपये की राशि खर्च कर रेलवे स्टेशन को नया रूप दिया जा रहा है। इसी में सीवर व्यवस्था को सुचारू करने का बजट भी शामिल है। सीवर लाइन डालने का काम शुरू कर दिया गया है।

इस परियोजना के तहत रेलवे स्टेशन के मुख्य प्रवेश द्वार व निर्माणाधीन भवन की निकासी व्यवस्था के लिए स्टेशन परिसर के बाहर तक सीवरेज लाइन डाली जाएगी। इसके लिए मुख्य प्रवेश द्वार पर पार्किंग के पास जमीन खोदाई का कार्य शुरू करवा दिया गया है। सीवरेज लाइन डालने के बाद मुख्य प्रवेश द्वार के साथ निर्माणाधीन भवन की निकासी व्यवस्था बेहतर होगी। सीवरेज व्यवस्था के कार्य को एक माह के अंदर पूरा करवाया जाएगा। रेलवे ने सोनीपत स्टेशन पर निर्माणाधीन भवन व मुख्य प्रवेश द्वार के निर्माण कार्य को जुलाई 2025 तक पूरा करवाने का लक्ष्य रखा है। इसके बाद यात्रियों को वैकल्पिक मार्ग से स्टेशन परिसर पर आवागमन नहीं करना पड़ेगा।



**सोनीपत।** सीवरेज लाइन डालने को पार्किंग के पास की गई जमीन की खुदाई।

### निकासी व्यवस्था पर भी कार्य शुरू

अमृत भारत स्टेशन परियोजना के तहत सोनीपत स्टेशन पर यात्रियों के लिए सुविधाएं बढ़ाई जा रही हैं। प्रवेश द्वार व भवन निर्माण को पूरा करवाने के साथ निकासी व्यवस्था पर भी कार्य शुरू करवाया गया है।

**-हिमांशु शेखर उपाध्याय,** मुख्य जनसंपर्क अधिकारी

### मिलेंगी कई तरह की सुविधाएं

रेलवे स्टेशन पर प्रवेश द्वार के साथ निर्माणाधीन 600 मीटर व 45 फीट चौड़े भवन में कर्मचारियों से लेकर यात्रियों तक के लिए एक साथ कई व्यवस्थाएं की जाएंगी। इस भवन में बुकिंग कार्यालय, टिकट घर, प्रतीक्षालय, विश्राम गृह, अधिकारियों के कार्यालय से लेकर फूड प्लाजा, कैफे जैसी व्यवस्था की जाएगी। साथ ही लंबी दूरी के यात्रियों के लिए रिटायरिंग रूम (होटल के आधार पर कमरे) भी बनाए जाएंगे, ताकि उन्हें लाभ मिल सके। अमृत भारत स्टेशन परियोजना के तहत सोनीपत स्टेशन की सूरत बदलने का कार्य तेजी पकड़ने लगा है। स्टेशन से रोजाना करीब 40 हजार से अधिक यात्री दिल्ली-अंबाला रूट पर आवागमन करते हैं। करीब दो दशक में बढ़ी यात्रियों की संख्या के आधार पर ही सोनीपत स्टेशन को परियोजना में शामिल किया गया है। अब यहां यात्रियों की सुविधा के लिए एयरपोर्ट जैसी सुविधाओं के आधार पर व्यवस्थाएं करने के प्रयास जारी हैं। यात्रियों के लिए सुविधाएं बढ़ाने के उद्देश्य से करीब 29 करोड़ रुपये से आधुनिकीकरण किया जा रहा है।

# रक्तदान कर किसी की बचाई जा सकती है जान : कृष्णा गहलावत

- वार्मिंग को रोकने के लिए पौधरोपण करना बहुत जरूरी है : राई विधायक गहलावत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई



**राई।** बढ़खालसा में रक्तदान शिविर राई हल्का विधायक कृष्णा गहलावत रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते हुए।

विश्व रक्तदाता दिवस पर गांव बढ़खालसा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ राई हल्का विधायक कृष्णा गहलावत ने किया । शिविर में पहुंचने पर ग्रामीणों ने विधायक कृष्णा गहलावत का फूल मालाओं से स्वागत किया । विधायक कृष्णा गहलावत ने रक्तदान शिविर के आयोजन पर आयोजकों की सराहना की। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा किरक्तदान महादान है, इसलिए हमें समय-समय पर रक्तदान करते रहना चाहिए। रक्तदान जीवनदान महादान है और स्वस्थ व्यक्ति हर 3 महीने में रक्तदान कर सकता है। रक्तदान करने से न केवल किसी की जान बचाई जा सकती है, बल्कि यह स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक हो सकता है। इसके बाद विधायक ने ग्रामीणों के सहयोग से एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत त्रिवेणी लगाकर पर्यावरण रक्षा , सुरक्षा जीवन रक्षा का संदेश दिया। ग्रामीणों ने विधायक से गांव की समस्याओं के समाधान को लेकर मांग की। इस मौके पर बढ़खालसा गांव के प्रधान राकेश दहिया , दिलबाग दहिया, प्रदीप दहिया, संजय, श्याम सिंह प्रधान नाथूपुर, पंकज प्रधान, रविंद्र शर्मा, विपिन कुमार, मोनिका दहिया, ममता सरोहा, जयदीप, पंडित खेमचंद, प्रदीप त्यागी, प्रमोद असावरपुर आदि मौजूद रहे।

## न्यायिक परिसर के सामने शराब ठेका खोलने का विरोध




**खरखौदा।** शराब ठेके का विरोध जताते बार एसोसिएशन के पदाधिकारी

**खरखौदा।** न्यायालय के सामने शराब का ठेका खोले जाने पर बार एसोसिएशन, खरखौदा ने विरोध जताया है। शनिवार को बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री, उपायुक्त सोनीपत, उपमंडल मजिस्ट्रेट खरखौदा को लिखित में पत्र भेजकर नाराजगी जताई है। जिसमें न्यायिक परिसर के सामने शराब का ठेका खुलने के खिलाफ कड़ी आपत्ति प्रकट की है। दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि कोर्ट परिसर के करीब शराब की दुकान खुलना न केवल न्यायिक गरिमा, बल्कि सामाजिक व्यवस्था और सार्वजनिक सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा है। जिसके कारण कोर्ट परिसर की सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बाधित हो सकती है। महिलाओं, बच्चों, वरिष्ठ नागरिकों और अन्य कमजोर वर्गों के लिए असुरक्षित माहौल उत्पन्न होगा। न्यायालय के पवित्र वातावरण में विघ्न और अनुशासनहीनता आ सकती है। असामाजिक तत्वों का अड्डा बन सकत है, जिससे झगड़े, छेड़छाड़ और अपराध की संभावना रहेगी। क्षेत्र में पहले से ही यातायात का दबाव है, शराब दुकान से जाम और आपात सेवाओं में बाधा उत्पन्न हो सकती है। इस स्थान पर शराब ठेका खुलना जनहित, सामाजिक नैतिकता और न्यायिक गरिमा के प्रतिकूल है।

# नालों की सफाई में तेजी लाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

- मेयर की जनता से अपील, बरसाती नालों में कचरा न डाले

नगर निगम मेयर राजीव जैन ने नालों की सफाई में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं ताकि बरसाती पानी की निकासी में परेशानी ना हो, दुकानदारों एवं रेहड़ी वालों से भी अपील है कि बरसाती नालों में कचरा ना तो डालें और न ही डालने दें। शनिवार को पुलिस लाइन, जेल परिसर तथा सेक्टर 27 थाने से गेटवे स्कूल तक राजीव जैन की देखरेख में नाला सफाई अभियान चलाया गया। राजीव जैन ने मौके पर मौजूद मुख्य सफाई निरीक्षक साहब सिंह, सतेंद्र दहिया तथा सुंदर मलिक को कड़े निर्देश दिए कि 30 जून से पूर्व नालों की सफाई पर पूरा जोर दो क्योंकि मानसून सिर पर है।

राजीव जैन ने पानी की निकासी की समस्या को लेकर देवरू रोड तथा अग्रसेन चौक का भी दौरा किया। देवरू रोड पर सड़क के साथ साथ गलियों के पानी की निकासी में आ रही बाधाएं दूर करने का आश्वासन दिया। अग्रसेन चौक पर जलभराव की समस्या से निपटने के लिए फौजी कैंटीन के पास पाइप डालकर समस्या का समाधान किया जायेगा। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष राजकुमार शर्मा, शशि कांत भारद्वाज, अतुल गौतम, श्री निवास, जोगेंद्र सेठा, सूरज जैन अधिवक्ता, हंसराज, भोपाल त्यागी, नकिन मेहरा अधिवक्ता, सतनारायण मेहरा, मनोज धानिया, कुलदीप सैनी, बिन्द्र, वेद सैनी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



**सोनीपत।** सफाई अभियान के दौरान मेयर राजीव जैन निरीक्षण करते हुए।


### संदिग्ध हालत में मिला युवक का शव, जांच शुरू

**सोनीपत।** सदर थाना क्षेत्र के कलावती विहार के पास खेत में शनिवार की सुबह एक युवक का शव संदिग्ध हालत में पड़ा हुआ मिला। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस व एफएसएल की टीम ने जरूरी नमूने एकत्रित कर शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां शव को शिनाख्त के लिए शवगृह में रखवाया गया है। पुलिस मृतक की पहचान के प्रयास कर रही है। जांच अधिकारी अजमेर ने बताया कि उन्हें सुबह खेत में शव होने की सूचना मिली थी। वह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचा। मृतक की उम्र करीब 24-25 वर्ष है। शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त का प्रयास किया। पहचान नहीं हो सकी है। मृतक ने काले रंग की टी शर्ट पहन रखी है। टी शर्ट पर अंग्रेजी में लिवाइस लिखा हुआ है। शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवाया गया है।

# केंद्र सरकार की योजनाओं को घर-घर पहुंचाने का दिया लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

खुबडू-भांवर रोड स्थित नव ज्योति शिक्षा सदन में शनिवार को गन्नौर विधानसभा के पुरखास मंडल की संकल्प से सिद्धी तक कार्यक्रम के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा वरिष्ठ नेता आजाद सिंह नेहरा व विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी देवेंद्र कौशिक ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल संजय गौतम ने की। आजाद नेहरा ने कार्यकर्ताओं को केंद्र सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का लक्ष्य दिया। पिछले 11 वर्षों में अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों को लाभांवित करना, महिलाओं को सशक्त बनाने, युवाओं को अवसर देने और किसानों को सम्मान दिलाने से जुड़ी सभी जानकारियां लोगों तक पहुंचाएं। देवेंद्र कौशिक ने कहा कि सभी कार्यकर्ता रोज एक घंटा संगठन को जरूर दें, क्योंकि केंद्र सरकार की कार्यों को जनता तक पहुंचना हम सभी का कर्तव्य है। इस अवसर पर मंडल महामंत्री सुखबीर प्रजापति, पुरखास मंडल महामंत्री दीपक नैन, पूर्व सरपंच शकुंतला राठी, महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष उमेश कुमारी, स्कूल के निदेशक राजेंद्र कोशिक आदि मौजूद रहे।



**गन्नौर।** कार्यक्रम के दौरान भाजपा नेता आजाद नेहरा व देवेंद्र कौशिक का स्वागत करते कार्यकर्ता।

# बीएसटी आरओबी के नीचे सड़क को उखाड़ छोड़ने से ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

बीएसटी रोड पर आरओबी के नीचे से गुजर रही सड़क पर जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा हाल ही में पेयजल आपूर्ति के लिए पाइप लाइन बिछाई गई। काम पूरा होने के बाद विभाग द्वारा सड़क को ठीक नहीं किया गया। सड़क को उखाड़कर जस का तस छोड़ दिया गया है, जिससे वहां से गुजरने वाले राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क से दो पहिया वाहनों का निकलना भी मुश्किल हो गया है। जबकि चार पहिया वाहन की आवाजाही सड़क उखड़ने के कारण बंद हो गई है। वर्षा के दौरान स्थिति और भी बदतर हो जाती है, कीचड़ और गड्ढों के कारण हादसे की आशंका बनी रहती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पाइप लाइन बिछाने के लिए सड़क को मशीनों से तुड़वाया गया था। कार्य पूरा होने के बाद मरम्मत का कोई काम नहीं किया गया, जिससे वहां अस्थायी रूप से मिट्टी डालकर छोड़ दिया गया।



**गन्नौर।** पेयजल आपूर्ति लाइन दबाने के बाद उखाड़ की छोड़ी गई सड़क पर भरा दूषित पानी।

### जल्द ठीक होगी सड़क

*इस बारे में जब एसडीएम प्रवेश कादियान से बात की गई तो उन्होंने कहा कि मामला उनके संज्ञान में आया है। संबंधित विभाग को निर्देश दिए जाएंगे कि जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत करवाई जाए ताकि आमजन को राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।*

# छिछड़ाना-जौली में सरपंच पद के लिए चुनाव आज

- गांव पांची जाटान में वार्ड 4 में पंच के लिए भी वोट डाले जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

राज्य निर्वाचन आयोग हरियाणा द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार रविवार को कथूरा खंड के गांव छिछड़ाना और गोहाना खंड के गांव जौली में सरपंच के उप चुनाव में मतदान होगा। मतदान पूरा होने के बाद मतगणना की जाएगी, जिसके बाद सरपंच का फैसला हो जाएगा। गन्नौर खंड के गांव पांची जाटान में वार्ड 4 में पंच के लिए वोट डाले जाएंगे, मतदान होने के बाद मतगणना की जाएगी। तीनों जगह सुबह आठ बजे से शाम छह बजे तक मतदान होगा। बीडीपीओ कार्यालय गोहाना से पोलिंग पार्टियों को रवाना किया गया, जो शाम को बूथों पर पहुंच गई। सरपंच का चुनाव ईवीएम से होगा और पंच के लिए पोस्टल बैलेट से मतदान कराया जाएगा। गांव जौली में सरपंच के चुनाव दो उम्मीदवार मैदान में है। यहां पर सरपंच का पद अनुसूचित जाति की महिला के लिए आरक्षित है। गांव छिछड़ाना में सरपंच का पांच उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। पांची जाटान में पंच के लिए दो उम्मीदवार हैं। सुबह आठ बजे मतदान शुरू होगा और छह बजे संपन्न होगा। मतदान पूरा होने के बाद मतगणना करके चुनाव परिणाम घोषित किया जाएगा।

**निरीक्षण** पुलिस आयुक्त ने यातायात व्यवस्था का लिया जायजा

# यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के काटे जाए चालान, संदिग्धों से करें पूछताछ

थानों और चौकियों का किया निरीक्षण पुलिस कर्मियों को दिए दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

पुलिस आयुक्त ममता सिंह शनिवार को गोहाना पुलिस जोन में पहुंचकर सुरक्षा और यातायात व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने थानों और पुलिस चौकियों का भी निरीक्षण किया। क्षेत्र में लगाए गए नाकों पर पुलिस कर्मियों से बातचीत की और जरूरी दिशा निर्देश दिए। पुलिस आयुक्त ममता सिंह ने गोहाना शहर में लगाए गए सभी पुलिस नाकों का निरीक्षण किया। पुलिस अधिकारियों और कर्मियों को निर्देश दिए कि जो भी संदिग्ध नजर आए उससे पूछताछ जरूर की जाए। उन्होंने यातायात व्यवस्था का भी जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि जो भी वाहन चालक यातायात नियमों का उल्लंघन करे उनके चालान किए जाएं। पुलिस आयुक्त ने थानों और पुलिस चौकियों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर डीसीपी गोहाना भारती डबास, डीसीपी क्राइम नरेंद्र कादियान, एसीपी ऋषिकांत, सहायक पुलिस आयुक्त मुख्यालय अजीत सिंह, और अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।



**गोहाना।** पुलिस अधिकारियों को जरूरी निर्देश देते हुए पुलिस आयुक्त ममता सिंह। फोटो : हरिभूमि

FIMS HOSPITAL
'Nurturing Life'



Department of Respiratory, Pulmonary & Sleep Medicine

छाती व फेफड़े रोग सम्बंधित सभी बिमारियों का इलाज व जाँच जैसे:-

- टी.बी., दमा, पुरानी खाँसी व खाँस्ते हुए खून आना।
- COPD & ब्रोंकाइटिस (Bronchitis) व वायुस्फीति (Emphysema).
- निमोनिया (Pneumonia) फेफड़ों का इनफेक्शन, रेस्पिरेटरी फेलियर (ARDS) व कोरोना वायरस (Covid 19) का इलाज।
- फेफड़ों के कैंसर की जांच व ईलाज।
- साँस की नली से फेफड़ों की दूरबीन द्वारा जाँच (Bronchoscopy).
- फेफड़ों के साँस लेने की क्षमता की जाँच (PFT).
- सोते समय साँस रुकना (Obstructive Sleep Apnea) व स्लीप स्टडी (Sleep Study)
- तम्बाकू छोड़ने में मदद, सलाह व जागरूकता (Tobacco Quitting Programme).

Dr. Mandeep Singh
MBBS, MD, DNB, FNB(Critical Care), IFCCM, IDCCM, EDIC
OPD :- Mon to Sat 11AM - 2PM

फिम्स अस्पताल
बहालगढ़-सोनीपत रोड, सोनीपत, हरियाणा-131001

www.fimssonipat.com | 0130-2205000 | Follow us:

"On panel of CGHS, Haryana Govt., ESI, ECHS, Delhi Gov, Railway, NDMC, DJB, FCI, MCD, AAI, DTL, DTC, TPDDL, Raksha, Star, and all Major Insurance Companies, TPAs, & PSUs."